# पति ने बेसबॉल बैट से हमला कर प्रधान आरक्षक पत्नी को मौत के घाट उतारा

## पुलिस लाइन के शासकीय आवास में देर रात हुई वारदात, फरार आरोपी पति को पकड़ने भेजी गईं पुलिस टीमें

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 सितम्बर। पुलिस लाइन के सरकारी आवास में देर रात महिला प्रधान आरक्षक को उसके पति ने ही बेसबॉल बैट से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। हत्या की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली थाना प्रभारी कन्हैया सिंह बघेल पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। वहीं रीवा रेंज के डीआईजी हेमंत चौहान, पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी समेत अन्य पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। घटना के बाद आरोपी पति फरार हो चुका था। जिसकी तलाश में पुलिस अधीक्षक द्वारा कई टीमें रवाना की गई हैं। जिससे आरोपी पति को गिरफ्तार किया जा सके।**

महिला प्रधान आरक्षक की हत्या के बाद से पुलिस महकमे में शोक की लहर है। पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों ने



पुलिस लाइन मैदान में उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर मृतका प्रधान आरक्षक को श्रद्धांजलि अर्पित किये। मिली जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक सविता साकेत उम्र 38 वर्ष कमर्जी थाना में पदस्थ थी। उनका पति वीरेन्द्र साकेत उम्र 40 वर्ष से कुछ वर्षों से विवाद चल रहा था। घटना के दौरान दोनो के बीच वाद-विवाद हो रहा था। उस दौरान मां बेटी से मोबाइल पर बात कर रही थी। उस दौरान मां द्वारा बेटी को बताया गया था कि यह डंडा लेकर बार-बार मारने के लिये आ रहा है तुम घर आ जाओ। जिसके बाद रात में ही बाइक से बेटी पहुंची। लेकिन घटना हो चुकी थी। घटना के वक्त खाना नहीं बनाने को लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। इसी तैश में आकर आरोपी पति द्वारा हत्या कर दी गई। इनके दो संतान थी। जिनमें 20 साल की बेटी एवं 22 साल का बेटा है। इनकी शादी को 26 साल हुए हैं। घटना के वक्त बेटी अपने ननिहाल समीपी पनवार चौहानन टोला में थी। जबकि बेटा इंदौर में पढ़ाई कर रहा था।

बताया गया है कि आरोपी पति द्वारा पत्नी के ऊपर शक किया जाता था। जिसके चलते दोनो के बीच वाद-विवाद की स्थिति रहती थी। आरोपी पति को बोलेरो खरीदकर पत्नी द्वारा दिया गया था। जिसमें वह ड्राइविंग करता था। सोमवार रात करीब 11 बजे दोनो के बीच विवाद हुआ। जिसके बाद बीरेन्द्र ने सविता पर बेसबाल बैट से हमला कर दिया। जिससे मौके पर ही सविता की मौत हो गई। कमर्जी थाना प्रभारी विवेक द्विवेदी ने बताया कि सोमवार रात 9 बजे तक सविता ने ड्यूटी की और घर चली गई। उसके पति की खुद की गाड़ी थी। जिसे जल संसाधन विकास में लगाया गया था। इसी गाड़ी में पति ड्राइवर का काम करता था। आज सुबह पुलिस को घटना की जानकारी मिली जिसके बाद समूचे इलाके को सील कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मर्चुरी पहुंचाया गया। पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### राजकीय सम्मान के साथ दी गई विदाई

पुलिस लाइन मैदान में मृतिका प्रधान आरक्षक सविता साकेत के पार्थिव शरीर को रखकर सभी पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राजकीय सम्मान के साथ विदाई दी। इस अवसर पर रीवा रेंज के डीआईजी हेमंत चौहान, पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी समेत अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। डीआईजी श्री चौहान ने इस दौरान कहा कि पुलिस विभाग के लिए यह अपूर्णीय क्षति है। हमने पीड़ित परिवार को तात्कालिक सहायता के रूप में एक लाख रुपए उपलब्ध करा दिया है। वहीं राजकीय सम्मान के साथ विदा किया गया।

### इनका कहना है



मृतिका प्रधान आरक्षक कमर्जी थाना में पदस्थ थी। विवाद के चलते पति द्वारा उनकी हत्या कर दी गई। फरार आरोपी पति की तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा कई टीमें लगाई गई हैं। मौके पर पहुंचकर उनके साथ ही समस्त पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

**हेमंत चौहान, डीआईजी रीवा**



मेरी मां प्रधान आरक्षक पद पर कमर्जी में पदस्थ थी। पिता द्वारा अकारण ही मां की हत्या कर दी गई। घटना के वक्त वह ननिहाल में थी और भाई इंदौर में। यदि मैं घर में होती तो मां की हत्या नहीं होती। मैं चाहती हूं कि जिस तरह से मेरी मां की हत्या की गई है उससे भी दर्दनाक मौत पिता की हो।

**आंचल साकेत, मृतिका की बेटी**



मृतिका प्रधान आरक्षक सविता साकेत की हत्या की सूचना मिलते ही वह स्वयं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। आरोपी पति बीरेन्द्र साकेत के खिलाफ धारा 103 बीएनएस के तहत हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपी के जल्द पकड़े जाने की संभावना है।

**कन्हैया सिंह, टीआई कोतवाली सीधी**

# लैंड पूलिंग एक्ट स्थगित कर पुरानी व्यवस्था ही रखें लागू : अजय सिंह

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 सितम्बर। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने प्रदेश भर में गहराते खाद संकट को लेकर किसानों के गुस्से को रोकने के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है।**

उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री को सब काम छोड़कर केवल किसानों की समस्या को दूर करने पर फोकस करना चाहिए। अजय सिंह ने लैंड पूलिंग एक्ट को स्थगित कर पुरानी व्यवस्था ही बहाल रखने का आग्रह भी किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी कहा है कि अफसरों की न मानते हुए किसानों की सुनें और उनसे बातचीत कर हल निकालें अन्यथा किसानों का गुस्सा फूटने पर संभालना मुश्किल हो जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश भर से खाद की किल्लत को लेकर किसानों के हलाकान होने की खबरें तेजी से आ रही हैं। खाद तो छोड़ो, खाद के लिए टोकन लेने के लिए भी परेशानी हो रही है। टोकन लेने के लिए लम्बी-लम्बी लाइनें लगी हैं। जैसे तैसे किसान टोकन ले भी लेता है तो उसे खाद नहीं मिलती। यदि खाद मिल भी जाती है तो उसके नकली निकलने की शिकायतें आ रही हैं। दूर क्यों जाएं खुद केन्द्रीय कृषि मंत्री



के संसदीय क्षेत्र से शिकायतें मिल रही हैं। जांच के लिए समिति बनाकर प्रशासन ने इतिश्री कर ली। श्री सिंह ने कहा कि सरकार बिल्कुल समझ नहीं रही है कि इसके दूरगामी परिणाम होंगे। खाद की कमी और समय से न मिलने के कारण फसल की गुणवत्ता खराब हो रही है, इससे उत्पादन कम होगा और किसानों की आय घटेगी फिर आर्थिक संकट में किसानों का डूबना तय है। सभी परिस्थितियां एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं। यह बात सरकार को समझना चाहिए और अपनी नीतियों तथा कार्यशैली में बदलाव लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान वैसे भी खाद संकट से जूझ रहा है और ऊपर से लैंड पूलिंग एक्ट लाद दिया गया है। पहले धार्मिक आयोजनों के समय अस्थायी निर्माण के लिए किसानों से जमीन ली जाती थी जिसका उसे मुआवजा भी मिलता था और बाद में जमीन वापस मिलती थी जिस पर वह फिर से खेती करने लगता था। लेकिन अब उल्टा हो रहा है। लैंड पूलिंग एक्ट आने के बाद किसान की जमीन हमेशा के लिए ले ली जायेगी और उस पर स्थायी निर्माण होंगे। इस कानून को लाकर सरकार किन बड़े लोगों को फायदा पहुंचाना चाहती है। यह जनता के बीच स्पष्ट होना चाहिए।

# शहर के चार मार्गों में बनेंगे नवीन पुल, अध्यक्ष ने लिखा पत्र

## नगरपालिका परिषद सीधी की पीआईसी की बैठक में प्रस्ताव शामिल करने की पहल

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 सितम्बर। शहर के प्रमुख चार मार्गों पर नवीन पुल बनाने नगरपालिका परिषद सीधी की पीआईसी की बैठक में प्रस्ताव शामिल करने नपाध्यक्ष काजल वर्मा ने सीएमओ को पत्र लिखा है। हिरन नदी मार्ग में दो एवं सूखा नदी मार्ग में दो नवीन पुल के लिए अध्यक्ष द्वारा सराहनीय पहल की गई है।**

नगर पालिका परिषद सीधी अध्यक्ष काजल वर्मा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी को लिखे पत्र में कहा है कि मेरे नगर



भ्रमण में यह पाया गया कि सीधी शहर में चार पुल जीर्ण-शीर्ण व बहुत ही डाउन लेविल होने के कारण जल भराव होता है। ऐसे में उक्त स्थानों में नये सिरे से पुल निर्माण होना अति आवश्यक है। अध्यक्ष द्वारा वार्ड क्रमांक 20 में मुख्य डाकघर सीधी से डैनिहा वार्ड क्रमांक 20 पहुंच मार्ग पर हिरन नाला में एक पुल, वार्ड क्रमांक 19 सर्वोदय चौक से शीतलदास मंदिर मार्ग में हिरन नाला पर एक पुल, वार्ड क्रमांक 01 एवं 11 की सीमा पर शास्त्री नगर से इन्द्रप्रस्थ नगर मार्ग में सूखा नाला में एक पुल तथा वार्ड क्रमांक 21 श्मसान घाट के समीप मार्ग में सूखा नाला पर एक पुल निर्माण को आवश्यक बताया है। पत्र में कहा गया है कि उक्त चारों स्थान में नवीन पुल के निर्माण से शहर में सुगम आवागमन सुनिश्चित होगा। साथ ही बरसात में जल भराव से होने वाली परेशानियों से भी निजात मिलेगी। ऐसे में अविलम्ब डीपीआर तैयार किये जाने हेतु प्रस्ताव रखा जाकर डीपीआर तैयार होने के बाद परिषद से स्वीकृत प्राप्त की जाकर उक्त चारों पुलों का निर्माण सुनिश्चित कराया जाय। नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा जिन चार स्थानों में नवीन पुल निर्माण की मांग रखी गई है वहां के लोगों द्वारा काफी समय से इसकी मांग की जा रही है। कुछ स्थानों में जो पुराने पुल है वह काफी नीचे हैं तथा उनकी हालत भी काफी जर्जर हो चुकी है।

# विश्वकर्मा जयंती आज, विशाल रैली के साथ भंडारे का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 सितम्बर। विश्वकर्मा जयंती पर विशेष पूजा हर वर्ष सूर्य के कन्या राशि में आने पर आयोजित होता है। आमतौर पर 17 सितम्बर के दिन सूर्य कन्या राशि में प्रवेश करते हैं। इस साल भी सूर्य 16 तारीख की मध्यरात्रि के बाद रात 1:47 मिनट पर कन्या राशि में प्रवेश कर रहे हैं। ऐसे में 17 सितम्बर को विश्वकर्मा पूजा किया जाएगा।**

गणेश साहू जिलाध्यक्ष श्री गणेश जन कल्याण समिति ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा का जन्म अश्विन



संक्रांति के दिन हुआ है। इसलिए हर साल इसी दिन विश्वकर्मा जयंती पर जिले में विधि विधान के साथ भव्य रूप में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया जाता है। भगवान विश्वकर्मा का हर युग में सम्मान रहा है। देवी देवता भी भगवान विश्वकर्मा का आदर करते हैं। ऐसी कथा है कि सृष्टि के निर्माण के लिए यह उलझन हुई कि सृष्टि बनेगी तो पृथ्वी का आकार कैसा होगा। तब भगवान विश्वकर्मा ने ही पृथ्वी को आकार दिया था। श्री साहू ने बताया कि इसी तारतम्य में 17 सितम्बर 2025 बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित एकता उत्सव पैलेस नाग मंदिर के समीप दक्षिण करौंदिया में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 9 बजे से भगवान विश्वकर्मा का पूजा आरती सुनियोजित है साथ ही रैली के माध्यम से शहर भ्रमण कर 2 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में सभी भक्तजन सादर आमंत्रित हैं।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 186 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 सितम्बर। जिले के नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नियमित रूप से जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। आज आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने जिले के विभिन्न अंचलों से आए 186 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना।**



कलेक्टर ने आवेदनों की सुनवाई के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों से मौके पर ही जानकारी प्राप्त की और तत्काल निराकरण योग्य समस्याओं को तुरंत निराकृत करने के निर्देश दिए। वहीं जिन प्रकरणों के समाधान में समय लगेगा, उनके लिए निर्धारित समय-सीमा तय कर अधिकारियों को अनिवार्य रूप से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने कहा कि शासन की मंशा है कि हर नागरिक को उसकी समस्या का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान उपलब्ध हो। उन्होंने अधिकारियों को यह भी स्पष्ट रूप से कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत अंशुमन राज, एसडीएम गोपदबनास राकेश शुक्ला, सिहावल सुश्री प्रिया पाठक, मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित जिला स्तरीय अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर ने विभागवार लंबित मामलों की भी जानकारी ली और अधिकारियों को जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने पर बल दिया। आज की जनसुनवाई में तहसीलदारों और जनपद पंचायतों के सीइओं ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की, जिससे जिले के दूरस्थ अंचलों की समस्याओं को भी सीधे जिला स्तरीय मंच पर प्रस्तुत किया जा सका। इस व्यवस्था से जनसुनवाई और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बन गई।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 सितम्बर। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में जिला इकाई सीधी द्वारा प्रधानमंत्री को संबोधित 1 सितम्बर 2025 के उच्चतम न्यायालय, शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी संबंधित निर्णय पर तत्काल रूप से पुनर्विचार करने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।**

हाल में ही उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्णय दिया गया कि सभी सेवारत शिक्षकों के लिए उनकी नियुक्ति दिनांक चाहे जो भी रही हो



शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी का अनिवार्य कर दिया गया है। इस निर्णय से देश भर के लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और आजीविका को संकट में डाल दिया है, जबकि शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद एनसीटीई अधिसूचना 23 अगस्त 2010 के अंतर्गत स्पष्ट रूप से दो श्रेणियां मान्य की गई थी जिसमें वर्ष 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षक उन्हें टीईटी परीक्षा से छूट दी गई थी इसके उपरांत भी पुणे सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लागू किया गया जो की दुर्भाग्यपूर्ण है। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ इसका पूर्णता विरोध करता है। इसी के विरोध में प्रधानमंत्री ने नाम ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन के दौरान राम जी शुक्ला सचिव, सुरेन्द्र प्रसाद तिवारी कोषाध्यक्ष, शिवशंकर सिंह संगठन मंत्री, प्रांत प्रमुख साहित्यिक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष राजबहोर पाठक, पूर्व संभागीय अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी, कुसमी ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण कुमार शुक्ला, तहसील अध्यक्ष कमलेश कुमार शुक्ला, ब्लॉक सिहावल सचिव सतीश पाण्डेय, बीआरसी सीधी विष्णु पाण्डेय, प्राचार्य अनुज तिवारी, प्राचार्य अरुण सिंह सहित अन्य लोग

# शिकायत निराकरण के लिए आयोजित किए जा रहे शिविर

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 सितम्बर। कार्यपालन अभियंता ( संचा-संधा ), म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान और बकाया राशि की वसूली के उद्देश्य से प्रत्येक वितरण केन्द्र अंतर्गत ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।**

इसके लिए सभी वितरण केन्द्रों के सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं प्रभारी अधिकारियों को आदेशित किया



गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर उपभोक्ताओं की विद्युत बिल संबंधी शिकायतों की सुनवाई करें। प्रत्येक शिविर में प्राप्त शिकायतों का विवरण शिविर पंजी में दर्ज किया जाएगा। साथ ही अकुशल/फेल ट्रांसफार्मरों से संबंधित उपभोक्ताओं से बकाया राशि जमा कराते हुए अपात्र ट्रांसफार्मरों को बदलने हेतु पात्र बनाया जाएगा।

# पूर्व शिक्षक केशरी प्रसाद मिश्रा का निधन, शोक की लहर

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 सितम्बर। समीपी तेंदुआ ग्राम निवासी और क्षेत्र के वरिष्ठ शिक्षाविद् केशरी प्रसाद मिश्रा का सोमवार को 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से वृद्धावस्था जनित समस्याओं से पीड़ित थे। उनके निधन से न केवल शिक्षा जगत में बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।**

श्री मिश्रा ने अपना पूरा जीवन शिक्षा और समाजसेवा को समर्पित कर दिया। वे दशकों तक शिक्षक के रूप में कार्यरत रहे और अपनी निष्ठा, अनुशासन व समर्पण के लिए विशेष रूप से जाने जाते थे। उन्होंने सैकड़ों विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक मार्गदर्शन दियाए बल्कि उन्हें संस्कार और जीवन मूल्यों की भी शिक्षा दी।

श्री मिश्रा वरिष्ठ पत्रकार अजय



मिश्रा के बड़े पिताजी थे। अजय मिश्रा ने उन्हें याद करते हुए कहा कि बड़े पिताजी हमारे परिवार ही नहीं, पूरे समाज के मार्गदर्शक रहे। उनका जीवन एक प्रेरणा है। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता और उनके शिष्य शामिल हुए। सभी ने उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। शिक्षा और समाज में दिए गए उनके योगदान को हमेशा सम्मानपूर्वक याद किया जाएगा।

# सरकार ने शिक्षा को दिया है सर्वोच्च प्राथमिकता : विश्वामित्र पाठक

## सिहावल विधायक ने शासकीय उच्च .माध्य .विद्यालय बहरी में किया नि :शुल्क साइकिल वितरण

नवभारत न्यूज

**बहरी 16 सितम्बर। प्रदेश एवं केन्द्र सरकार छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सुविधाजनक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक सभी व्यवस्था कर रही है। सरकार ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दिया है। उक्त आशय के विचार सिहावल विधायक श्री विश्वामित्र पाठक ने शासकीय उच्च.माध्य.विद्यालय बहरी में नि:शुल्क सायकल वितरण के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किये।**

विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत शासकीय उच्च.माध्य. विद्यालय बहरी में नि:शुल्क सायकल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन





किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। विद्यालय के प्राचार्य हिमांचल सिंह द्वारा वितरित की जा रही नि:शुल्क सायकल के संबंध में अवगत कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश एवं केन्द्र सरकार की शिक्षा के क्षेत्र में संचालित योजनाओं मध्यान्ह भोजन, गणवेश, पाठयपुस्तक का वितरण, सायकल वितरण, छात्रवृत्ति, मेधावी विद्यार्थियों के लिए लैपटॉप एवं स्कूटी प्रदाय आदि योजनाओ के साथ ही निर्धन छात्रों को विदेश में पढ़ने के लिए भी मदद कर रही हैं ताकि छात्र छात्राओं को सुगमता से गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध हो सके। दूर से आने वाले छात्र छात्राओं को सायकल उपलब्ध हो जाने से विद्यालय आने जाने में मदद मिलेगी। पूर्व में विद्यालय दूर होने के कारण अधिकांश छात्राएं पढ़ाई बीच में ही छोड़ देती थीं लेकिन अब सायकल मिल जाने से समय की बचत होगी साथ ही अध्ययन अध्यापन में सुविधा मिलेगी। सिहावल विधायक ने कहा कि हमे उम्मीद है कि इस विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं जिले ही नहीं प्रदेश में भी अपना एवं विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि बहरी में सांदीपनि विद्यालय संचालित हो, उन्होंने विद्यालय भवन की मरम्मत एवं व्यवस्था के लिए एक लाख रुपये की घोषणा की।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बहरी पुष्पेन्द्र पाण्डेय, प्राचार्य हिमांचल सिंह, पुष्पराज द्विवेदी, दिलीप सोनी, अखिलेश द्विवेदी, नीरज सिंह चंदेल, रितेश गुप्ता, कमल तिवारी, पुष्पेन्द्र मिश्रा, संतोष साहू, प्रमोद पाण्डेय, अनुराग पाठक, श्यामसुंदर तिवारी, लालजी पाण्डेय, मनोज पाठक सहित विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक गण, छात्र-छात्राएं व गणमान्य जन उपस्थित रहे।